समाचार

निगम द्वारा वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर व वार्ड क्र. 37 पाड़ीमार में क्रमांक 02 में चलाई गई मेगा स्वच्छता ड्राईव

(आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने महाअभियान में पहुंचकर किया साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण)

कोरबा 04 फरवरी 2025 – स्वच्छता महाअभियान के नौवें दिन आज नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर एवं वार्ड क्र. 37 पाडीमार क्रमांक 02 में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की गई। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने स्वच्छता महाअभियान में पहुंचकर साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया। उन्होने विभिन्न बस्तियों के रहवासियों से भेंट कर निगम के साफ–सफाई कार्यो पर चर्चा की तथा सार्वजनिक स्थानों, सडक व नालियों में कचरा न डालने का आग्रह किया एवं निगम के साफ–सफाई कार्यो व शहर को साफ–सुथरा रखने में सहयोग की अपील की ।

निगम प्रशासक व कलेक्टर श्री अजीत वसंत के मार्गदर्शन एवं निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में नगर पालिक निगम कोरबा द्वारा 25 जनवरी से स्वच्छता का महाअभियान वार्ड एवं बस्तियों में संचालित किया जा रहा है, अभियान के नौवे दिवस आज वार्ड क्र. 25 नेहरूनगर कुआंभट्टा एवं वार्ड क्र. 37 पाड़ीमार क्र. 02 दैहानपारा, डुग्गूपारा आदि बस्तियों में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित करते हुए वृहद पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य किए गए। अभियान के दौरान नालियां की सतह से सफाई, सक किनारे की बर्म, झाडी, धूल मिट्टी के टीले एवं अन्य अपशिष्ट को हटाकर स्थलों का साफ–सुथरा किया गया। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने महाअभियान में पहुंचकर नेहरूनगर, कुआभट्टा, दैहानापारा, डुग्गूपारा सहित विभिन्न मोहल्लों की गलियों में निगम अधिकारियों की टीम के साथ पैदल भ्रमण करते हुए किए जा रहे साफ–सफाई कार्यो का निरीक्षण किया तथा मेगा स्वच्छता ड्राईव के संचालन व इसके बेहतर परिणाम प्राप्त करने के संबंध में अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बस्तीवासियों से चर्चा, ली अपशिष्ट संग्रहण की जानकारी – बस्तियों में पैदल भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय डोर–टू–डोर पहुंचकर वहॉ के रहवासियों से निगम के नियमित सफाई कार्यो पर चर्चा की, उन्होने बस्तीवासियों से पूछा कि निगम की स्वच्छता दीदियॉ कचरा लेने के लिए उनके घरों में प्रतिदिन आती है या नहीं, जिस पर बस्तीवासियों ने बताया कि स्वच्छता दीदिया प्रतिदिन निधारित समय पर उनके घर व गली पहुंचकर घरों से कचरा का संग्रहण करती हैं।

सड़क नाली पर न डालें कचरा – भ्रमण के दौरान आयुक्त श्री पाण्डेय ने बस्तीवासियों से आग्रह करते हुए कहा कि घरों से निकले हुए कचरे को वे सड़क , नाली व सार्वजनिक स्थानों में न डालें, सूखे व गीले कचरे को अलग–अलग डस्टबिन में रखें तथा डोर–टू–डोर कचरा लेने के लिए पहुंचने वाली स्वच्छता दीदियों के रिक्शें में ही कचरे को दें ताकि आपकी बस्ती, मोहल्ला साफ–सुथरा रहे।

सार्वजनिक शौचालय का निरीक्षण – आयुक्त श्री पाण्डेय ने बालको बस स्टैण्ड के समीप स्थित सार्वजनिक शौचालय का आकस्मिक रूप से निरीक्षण किया , उन्होने शौचालय की साफ–सफाई तथा वहॉ पर की गई आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए निर्धारित मानदण्डों के अनुरूप शौचालयों में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित किए जाने के निर्देश वहॉ के केयरटेकर व संचालन एजेंसी के प्रतिनिधि को दिए।

05 फरवरी को इन वार्डो में अभियान – बुधवार 05 फरवरी को नगर पालिक निगम कोरबा के वार्ड क्र. 06 कोरबा पुरानी बस्ती एवं वार्ड क. 20 कांशीनगर में मेगा स्वच्छता ड्राईव संचालित की जाएगी तथा व्यापक पैमाने पर साफ–सफाई के कार्य किए जाएंगे। आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने वार्डवासियों से अपील करते हुए कहा है कि वे निगम के इस महाअभियान में अपनी सहभागिता दें तथा शहर को साफ–सुथरा रखने में अपना सहयोग प्रदान करें।

आज संचालित स्वच्छता अभियान के दौरान उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय तिवारी, कार्यपालन अभियंता ए.के.शर्मा, प्रकाश चन्द्रा, एन.के.नाथ, मोतीलाल बरेठ, गोयल सिंह विमल, आकाश अग्रवाल, रमेश सूर्यवंशी, सुनील वर्मा, सचिन्द्र थवाईत, संजय सिंह ठाकुर, सतानंद द्विवेदी, रामप्रसाद मिरी आदि के साथ अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।